सचित्र करामात



असली

सचित्र करामात

एस० के० ट्रेडर्स
82/6 पलटन बाजार, देहरादून

लेखक—
मुखिया बसन्त लाल

प्रकाशक—
पंकज प्रकाशन, सतघड़ा, मथुरा
फोन–४०११३०

सन् १९९६ मूल्य ५१)

अद्भुत जादू का चमत्कार

* पहला पाठ *

जिस साधन को मैस्मेरेजम कहा जाता है, उस को संस्कृत साहित्य में त्राटक योग के नाम से पुकारा है। मैस्मेरेजम या त्राटक के साधन कितनी शक्ति रखते हैं। उसका परिचय नीचे की सच्ची घटनायें देंगी।

महामहोपाध्याय पं० गोपीनाथजी कविराज एम. ए० "कल्याण" में प्रकाशित कराते हैं कि--स्वामी विशुद्धानन्द के त्राटक योग की प्रशंसा सुनकर मैं उन के दर्शन करने के लिये गया। शाम का समय था। मैंने जाकर देखा कि बहुत से भक्तों से घिरे हुये योग-राज विशुद्धानन्द जी विराजमान हैं। सुन्दर और लम्बी दाढ़ी चमचमाते विशाल नेत्र, पकी हुई उमर, सफेद जनेऊ, शरीर पर लाल वस्त्र, चरणों पर भक्तों के चढ़ाये हुए फूल और मालाओं के ढेर। उस समय योगीराज दर्शकों से कह रहे थे कि--शास्त्र की सभी बातें सत्य हैं। आवश्यकता पड़ने पर मैं उनको दिखा भी सकता हूं। जगत में सर्वत्र ही सत्तामात्र रूपमें, सूक्ष्म भाव में, सभी पदार्थ, सर्वदा तथा सर्वथा

विद्यमान रहते हैं। परन्तु जिसकी मात्रा अधिक विकसित हो जाती है, वही प्रगट होकर दिखलाई देने लगता है। शेष सब तत्व, मौजूद रहने परभी दिखाई नहीं देते। यदि उन तत्वों को, नाटक योग द्वारा यानी मैस्मेरेजम के जरिया अगर खींचा जाय तो वे खिंच आते हैं। बस नाटक का मूल अभिप्राय यही है संसार में हम जिस चीजको जैसा देखते रहे है, वास्तव में वह तो उसकी व्यवहारिक अवस्था है उसकी सूक्ष्म शक्ति यानी उसकी रूह दूसरी चीज है। लोहे का टुकड़ा केवल लोहा ही है--यह बात नहीं। उस लोहे के टुकड़े में, सारी प्रकृति गुप्त रूपसे भरी है। परन्तु लोहा प्रधानता होने से बाकी के सब तत्व छिप गये हैं। इसलिये साबित हुआ कि लोहे में सोना भी है। अब अगर किसी तरह उस लोह का अव्यक्त सोना खींचा जा सके तो वह लोहे की कील सोने की कील बन सकती है। उस समय आप उसको सोने की कील कहने लगेंगे, हालांकि वह पहिले सोने की ही कील थी। वास्तव में, लोहा ही सोना नहीं बन गया। उस कील का तत्व गुप्त कर दिया गया और सोना वाला तत्व बाहर खींच कर प्रकट कर दिया गया।

इसके बाद योगीराज ने गुलाब का फूल उठाया और मुझसे कहा-'बोलो इस फूलको किस रंगका बना दूं। मैंने कहा इसे जवाकुसुम का फूल बना दीजिये।

योगीराज ने उस फूल को अपने बाए हाथ में लिया और दाहिने हाथ से उस पर एक स्फटिक शीशा के द्वारा सूर्य किरण माला एकत्र करने लगे हमने देखा कि उस गुलाब के फूल में उलट फेर होना शुरू हुआ पहिले एक लाल आभा प्रकट हुई फिर धीरे-धीरे तमाम गुलाब का फूल गायब हो गया। इसके बाद उसकी जगह पर एक ताजा जवाकुसुम का फूल आ गया। मैंने उस फूलको अपने हाथमें लेकर देखा था।

स्वामी जी बोले-"इसी प्रकार समाव जगत, प्रकृति का खेल हो रहा है। जो उसके तत्वों को समझते नहीं है परन्तु उन पर मोहित होकर अपनी आत्मा को भूल जाते हैं। त्राटक योग के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती है उस द्वारा तत्वों से काम लेना विज्ञान कहलाता है।"

हमने पूछा-"तब तो योगी के लिये सभी कुछ सम्भव है।"

स्वामी जी ने कहा-'निश्चय ही योगियों को

शक्तियों की कोई तादाद या सीमा नहीं । क्या हो सकता है क्या नहीं हो सकता, इसकी कोई सीमा नहीं है । परमात्मा भी एक आदर्श योगी ही है । सिवा उनके महादेवी पिता परमेश्वरी का पूरा पता किसी को भी नहीं है जो निर्मल होकर, परमात्मा के साथ जितनी देर ठहर सकते हैं, जब पवित्रता, सम्पर्क कार से सिद्ध होजाती है तब परमात्मा की सायुज्यता प्राप्त होती है । तब उस योगी की शक्ति का कोई ठिकाना नहीं रहता श्रीराम और श्रीकृष्ण जी सायुज्यता शक्ति का ही प्रदर्शन किया था । सायुज्यता की महान शक्ति, सबसे स्वरक्षित है । परन्तु परमात्मा जैसी, सब प्रकार की पवित्रता प्राप्त करना कोई आसान बात नहीं है । योगी के लिये असम्भव भी सम्भव है । उस योगी की इच्छा को माया स्वयंम पूरी कर देती है । और उस माया द्वारा सब कुछ किया जा सकता है ।

हम—इस फूल का परिवर्तन अपने योग बल से किया या अन्य किसी उपाय से किया है ।

स्वामी-उपाय मात्र योग है । दो चीजों का योग कहते हैं । इस फूल का परिवर्तन सूर्य विज्ञान द्वा

किया गया है । इच्छा शक्ति से भी स्वजप आदि कार्य किये जा सकते हैं और विज्ञान से भी । हमने इच्छा शक्ति से काम न लेकर विज्ञान से काम किया है ।

हम–सूर्य विज्ञान क्या है ।

स्वामी–सूर्य ही जगत का प्रकाशक है । जो योगी सूर्य की किरनमाला या वर्णमाला को पहिचान गया और वर्णको शुरू करना जान गया, एवम् किरनमाला को परस्पर मिश्रित करना सीख गया, वह सहज ही सभी पदार्थों का मूल बीज है इस किरनमाला के विभिन्न वर्णों के संयोग भेद से, विभिन्न पद उत्पन्न होते हैं । वैसे ही किरणभेद और भिन्न किरण मिलन से जगत के नाना प्रकार के पदार्थ उत्पन्न होते हैं । अवश्य ही यह स्थूल दृष्टि में, बीज जगत का रहस्य है । फलतः सूर्य की किरनमाला को पहचानना और उससे काम लेना ही सूर्य विज्ञान है । यही सूर्य के प्रति नाटक योग है । जो योगी सेवा कर सकता हैं । वे सभी स्थूल और सूक्ष्म काम करने में समर्थ होते है सुख, दुख, पाप, पुण्य, काम क्रोध, लोभ, प्रीति भक्ति आदि सभी संस्कार भी किरणों के द्वारा पैदा होते हैं । स्थूल वस्तु के लिये तो कहना ही क्या है । जो

सूर्य त्राटक योग को जानते हैं वह सभी कुछ कर सकते हैं निर्माण भी – संहार भी परिवर्तन तो कोई बात ही नहीं है। बस यही सूर्य विज्ञान है ।

हम – आपको यह सूर्य त्राटक योग या सूर्य विज्ञान कहाँ से मिला । हमने तो इसका नाम भी नहीं सुना ।

स्वामी –तुम लोग ज्ञान के सामने निरे बच्चे हो सूर्य विज्ञान, भारत की ही चीज है। उच्च कोटि के योगी लोग इसको जानते थे ; और जानते हैं वर्तमान समय में जो सूर्य विज्ञान मौजूद हैं, वे हिमालय और तिब्बत की गुफाओं में गुप्त रूपसे रहते हैं ।

***

मैस्मेरेजम सीखने वाले के नियम

* दूसरा पाठ *

१. सर्वदा प्रसन्न रहो । क्रोध करने से भी शक्ति नष्ट होगी ।

२. सर्वदा साफ रहो । शरीर से और मन से भी साफ रहो ।

३–नशा नहीं करना चाहिए।

४–धीरज और शान्ति का अभ्यास रखो।

५–भोजन ताजा और सादा खाना चाहिए।

६–गरम पानी में स्नान करना चाहिये।

७–रात को सोते समय वीर पुरुषों की याद करते हुये सो जाना चाहिये। मतलब यह कि सोते समय विचार पवित्र रखना चाहिए। व्यभिचार या भोग सम्बन्धी विचार करने से स्वप्नदोष का डर रहता है।

८–सोते समय कमरे की खिड़की खुली रक्खो। तथा मुँह बन्द करके साँस लेना चाहिये।

९–तेज कदम वाली चाल मत चलो।

१०–माँस नहीं खाना चाहिए।

११–मैस्मेरेजम द्वारा कोई गलत काम करने का विचार मत करो।

१२–ब्रह्मचर्य का पालन तन मन और वचन से करो।

१३–जिसे बेहोश करो उसे कोई ऐसी आज्ञा मत दो, जिसके कारण वह भयभीत हो जावे।

१४–साधक की आयु २० साल से कम नहीं होनी चाहिए ।

१५–चिन्ता और भय के समय प्रयोग मत करो ।

१६–प्रयोग बच्चे पर करना चाहिए । प्रयोग के लिए लड़के से लड़की अच्छी रहती है । लड़की का स्वभाव शान्त होता है ।

१७–प्रयोग करने वाले बालक की आत्मिक शक्ति अगर आपसे अधिक हुई तो आप खुद बेहोश होने लगोगे ऐसी अवस्था में दूसरा बच्चा बदलो ।

१८–एकान्त और शान्त स्थान में प्रयोग करो ।

१९–समय शान्त हो । प्रातःकाल सबसे श्रेष्ठ है ।

२०–विशेष यानी जिसपर प्रयोग करो योग्य हो ।

२१–प्रतिदिन एक ही बार प्रयोग करो ।

२२–एक ही समय पर प्रयोग करो । समय बदलने से हानि होती है ।

२३–प्रयोग का स्वच्छ हो, वहाँ हरियाली यानी फूल आदि हों तो और भी अच्छा है ।

२४–जिस बालक पर प्रयोग किया जाय उसकी उमर १२ वर्ष की होनी चाहिए । लड़की पर शीघ्र सफलता मिलती है ।

* तीसरा पाठ *

पूर्ण बिन्दु अभ्यास

एक ६ इन्च लम्बा ६ इन्च चौड़ा पट्ठा लो उस पर एक तरफ श्वेत कागज चिपका दो। अगर पट्ठा एक फुट लम्बा और एक फुट चौड़ा हो तो भी हर्ज नहीं है। पट्ठे के बीचों बीच एक इन्च चौड़ा गोला प्रकार से बनाओ और उसे खूब काली स्याही से भर कर घोर काला करलो दीवाल से एक हाथ फासले पर बैठो और जिस जगह नजर आसानी से पड़े उसी जगह पर दीवाल में कीलों से जड़ दो। पद्मासन लगाकर बैठना चाहिये। एकटक निगाह से उस काले बिन्दु को देखना चाहिये। जब आँखों में पानी भर तब नजर हटा लो। पानी पोंछ डालो। फिर वही अभ्यास करो पहिले दिन २-३ बार ऐसा करो। कुछ दिनों बाद तुम्हारी नजर २०-२५ मिनट तक बिना पलक झपकाये एक टक देखने में समर्थ हो जायगी। बस उस समय तुम पहिले प्रयोग में पासहो जाओगे। इसके बाद उस पट्ठे को एक फीट दाहिने तरफ खिसकाकर लगा दो दृष्टि जमाओ। जब दाहिने बांये

और सामने तीनों कोणपर दृष्टि जम जावे तब समझ लो कि पहिला प्रयोग पूरी तौर पर सफल हो गया। दृष्टि जमाने पर जब कागज का वह काला घेरा लोप हो जावे तो समझो पहला पाठ पूरा हो गया।

--*--

शीशा पर अभ्यास

* चौथा पाठ *

एक शीशा लेकर एक फीट की दूरी पर दीवाल में लगावो पद्मासनसे ठीक सामने बैठ जाओ। अपनी दाहिनी आँख की पुतली पर नजर जमाओ। इस अभ्यास से तुमको कई एक आश्चर्य दिखलाई देंगे। कभी सामने अन्धेरा हो जायेगा और कभी शीशे का रंग बदल जायेगा कुछ दिन बाद जैसे कागज वाला काला छिप जाता था, उसी तरह आँखों की काली पुतली भी छिप जायेगी और सारा शीशा भी छिप जाया करेगा।

कुछ समय तक तुम्हारी नजर में अंधकार रहेगा फिर उसी अंधकार में तुम्हें एक छोटी सी रोशनी दिखलाई पड़ेगी कि जो तुम्हारी ही नेत्र शक्ति है।

बस तुम्हारा दूसरा अभ्यास भी पूर्ण हो गया। उस समय से तुम्हारी नेत्र शक्ति बढ़ती जायगी। ऊपर के दोनों अभ्यास काला बिन्दु पर और शीशे पर एक-एक महीने तक करना चाहिये।

--:※:--

※ पाँचवा पाठ ※

चन्द्रमा पर अभ्यास

रात के दस बजे से बारह बजे के मध्य में यह अभ्यास करना चाहिये। छत पर बैठकर इस अभ्यास को करो। वहीं पद्मासन लगाकर चन्द्र पर नजर जमाओ। उस समय यह विचार करते रहो कि चन्द्रमा में अनन्त शक्ति भरी है और मैं उसकी कुछ शक्ति खींच रहा हूँ। कुछ दिनों बाद चन्द्रमा भी तुम्हारी नजर से गायब हो जायगा। फिर भी नजर जमाये रहो। धीरे धीरे तुमको चन्द्रमा में नदी, पहाड़ और जंगल दिखलाई पड़ेंगे। क्योंकि चन्द्रमा भी पृथ्वी की तरह एक लोक है और उसमें भी आबादी है। बस चन्द्रमा का अभ्यास समाप्त हुआ।

--

छठा पाठ

फूल का अभ्यास

किसी बाग में जाओ और एकान्त स्थान वाले एक फूल के पौधे के पास एक फीट की दूरी पर बैठ जाओ और पद्मासन लगाकर बैठना चाहिये । उस पौधे के एक फूल पर अपनी दृष्टि स्थिर करो और विचार करो कि यह फूल अभी सूख जायगा । अपनी इच्छा शक्ति को बढ़ावा देते हुए कहो कि वह फूल अभी मुरझा जायेगा । और इसे अवश्य मुरझा जाना चाहिये । जब वह फूल मुरझा जाय तो समझो सफलता प्राप्त हो गई । इसके बाद इच्छा करो कि यह मुरझाया हुआ फूल फिर वैसा ही खिल जावे कि जैसा पहिले खिला हुआ था । ए ! फूल तुझे जरूर खिलना पड़ेगा और मेरी इच्छाशक्ति तुझे अभी हरा भरा कर सकती है । दृढ़ इच्छाशक्ति द्वारा वह फूल मुरझा जायगा और फिर हरा भरा हो जायगा । जब मारण और संजीवनी दोनों प्रयोग सिद्ध हो जावें तब समझो कि फूलवाला प्रयोग पास हो गया ।

सातवाँ पाठ

बच्चों पर अभ्यास

किसी खुले हुए स्थान पर ११-१२ साल के लड़के या लड़की को ले जाओ। उसको सामने खड़ा करो और कहो कि हम तुम को बिना नींद के सुला देंगे और फिर तुम्हारे मन को देश विशेष की सैर करायेंगे इसके बाद उसे एक हाथ के फासले पर बैठा दो और खुद भी बैठ जाओ। अब बच्चे से कहो— "मेरी नजर से नजर मिलाओ। मेरी नजर से नींद निकलेगी वह तुमको सुला देगी। यह शब्द कहते हुए साधक के दिल में निश्चय होना चाहिये कि ऐसा जरूर होगा यानी बच्चा सो जायगा। उस बच्चे के प्रति अपने मन में प्रेम रखना चाहिये। वह बालक चंचल चित्त, अविश्वासी और बदचलन न होना चाहिये कि जिस पर मैस्मेरेजम का अभ्यास करना चाहते हो। बालक से कहो कि वह गौर से हमारी दाहिनी आंख का तिल देखे।" जब बालक देखने लगे तो अपने दोनों हाथों को ऊपर से नीचे पास करो। पांच मिनट के भीतर ही वह बालक सो जायेगा।

जब होश में लाना हो तो नीचे से हाथों को ऊपर की तरफ पास करो और यह कहोकि जाग जाओ तुमको तुरन्त होश में आना चाहिये। जब बालक बेहोश होने लगे तो उसे आराम से लिटा देना चाहिये। उसका सिर उत्तर की तरफ रखना चाहिये बेहोश बालक आपके प्रत्येक सवाल का ठीक जवाब देगा क्योंकि उसका मन व्यापक हो गया है।

गायत्री पर मैस्मेरेजम

आठवाँ भाग

"जगत में जो कुछ जड़ और चेतन दिखलाई पड़ता है। वह सब गायत्री का ही स्वरूप है। शब्द भी गायत्री ई। गायत्री के द्वारा संसार के असंभव काम सम्भव हो जाते है और भयानक से भयानक दुःख का निवारण होता है" यह बात उपनिषद्‌ कहते हैं।

"गायत्री की शक्ति ही संसार के लिए सर्वशक्ति हैं।

—मनु महाराज

गायत्री पर त्राटक यानी मैस्मेरेजम करने वाले

ही प्रधान योगी हैं और वह जनता की बहुत बड़ी सेवा कर सकते हैं ।

—स्वामी विवेकानन्द

"उपजहि जासु अंश गुणखानी ।
'अगिनत उमां रमाँ ब्रह्माणी ।।"

—तुलसी

उस शक्ति का नाम गायत्री ही है कि जहां से बचाने वाली रक्षा करने वाली और मरने वाली प्रकृतियाँ जन्म लेती हैं । यह बात रामायणमें लिखी हैं ।

"जगत, शब्द ओ३म् में है और उसी का मन्त्र—गायत्री में है ।

गायन्तम् त्रायते यस्माद्‌ गायत्री परि कीर्तिता—

—व्यास

गायत्री पर मैस्मरेजम का तरीका—

प्रात: चार बजे उठकर, फारग होकर, स्नान करो । किसी पवित्र स्थान पर बैठ कर जाप्य करो । प्रति मंत्रपर आहुति देना चाहिए । रोजाना ११ माला जपना चाहिए । ३११ लाख मन्त्र, एकाग्रचित्त से जपने पर सिद्ध हो जाएगा । पवित्र रहे, ब्रह्मचर्य रहे एक बार भोजन करे, पृथ्वी पर शयन करे । गायत्री

मन्त्र सभी जानते हैं। इस सिद्धि से प्रत्येक प्रश्न का ठीक उत्तर प्राप्त होता है। साधक रोग और शोक से बच सकता है। लक्ष्मी का आगमन होता है। शत्रु डरते हैं।

९वां पाठ

मैस्मेरेजम का असली हाल

मैस्मरेजम योग का एक अंग है जिसको इच्छा शक्ति भी कहते हैं। इसका निर्भर मानसिक शक्तिपर है। जो सबके भीतर विद्यमान है। यह मन की-एकाग्रता पर निर्भर है। मनुष्य के शरीर में तीन नाड़ियां इड़ापिंगला--सुखमना के नाम से प्रसिद्ध हैं। जो रीढ़ की अस्थि मेरु बन्डि से सम्बन्ध रखती है। ईड़ा शरीर के दाहिने अंग में है। इसकी शक्ति सूर्य से आती है। इसमें प्रकाश रहता है, प्रभाव गरम है, पिंगला बाम ओर है। उसका स्वामी चन्द्रमा है। इसमें विकर्षण शक्ति रहती है, प्रभाव शीतल है। सुखमना में खालिस नूर भरा है। योगी इसीके द्वारा ईश्वर दर्शन किया करते हैं। और समाधी के समय इसी मार्ग से प्राण ब्रह्मांड में पहुंचाते हैं। यह योग

का अंग है । परन्तु स्वसमा नामी एक मनुष्य चीन में हुआ है । उसने इसका नाम मैस्मरेजम रक्खा है । बाद में फ्रांस में उसने बहुत से रोग इसी विद्या से अच्छे किये तो फ्रान्सियों ने इस विद्या को सीखा और मैस्मरेजिम बाब की एक कमेटी कायम की ।

दसवाँ पाठ

दृष्टि पर मैस्मेरेजम

सांप अपने शिकार को एकाग्र होकर देखता है और इच्छा करता है कि वह शिकार मेरे पास खिच आवे । निश्चय और एकाग्रता की महिमा देखिये कि बड़े-बड़े जानवर अपने आप आकर अजगर के मुँह में प्रवेश कर जाते हैं । इसी नियम पर विद्वानों ने यह कायदा निकाला कि यदि कोई मनुष्य आपखंड शक्ति प्राप्त करले तोवह जिसे चाहे अपने पास खिच सकता है । वह फिर चाहे जितनी दूर हो और चाहे जितना कठोर हृदय हो । आकर्षण शक्ति का यह मैस्मरेजम बड़े काम की चीज है । दृष्टि पर साधन करने वाला यदि इच्छा करेगा कि कोई सो जावे तो वह सो जायेगा और अगर किसी रोगी को निरोग करना

चाहो तो दृष्टि से निरोग कर सकते हो। यदि कोई वस्तु चाहोगे तो वह भी मिल जायगी। लोग अपने मन का भेद भी, साधन की इच्छा शक्ति से बतला देंगे।

—※—

ग्याहरवाँ पाठ

नाक पर मैस्मरेजम

पद्मासन लगाकर बैठो। उत्तर की तरफ मुख करो अपनी नाक की नोंक पर नजर जमाओ। कुछ देर बाद आँखों से पानी निकलेगा। उसे पोंछ कर फिर नजर जमाओ इस प्रकार करते-२ जब एक घंटा नजर जमने लगेगी तब नाक से सुगन्धि निकलने लगती है। तभी सिद्ध समझो। इस साधन से अपनी मृत्यु भी जानी जाती है। मौत के ३ दिन पूर्व से अपनी नाक दिखाई नहीं देती। यदि इस साधन को तीन साल तक लगातार जारी किया जावे, तो छाया पुरुष सिद्ध हो जायगा। छाया पुरुष की शक्ति महान है। वह सब सम्भव असम्भव काम कर सकता है।

※—※

बारहवां पाठ

चाँद पर मेस्मरेजम

यदि किसी को पित्त का रोग हो यानी गरमी बढ़ने लगी हो कि जैसे तपेदिक कहते हों तो उसे चाँद पर मेस्मरेजम करना चाहिये। चाँद की तरफ मुख करके पद्मासनसे बैठना चाहिये और चांदको अपलक देखना चाहिये। आंसू भर आने पर नजर नीची करो आँसू पोंछ कर फिर देखने लगो और यह निश्चय करो कि हमारे शरीर की गरमी को चन्द्रमा की शीतलता नष्ट कर रही है। जब रोग दूर हो जाय, तब फिर इस साधन को नहीं करना चाहिये।

तेरहवां पाठ

पास देना क्या चीज है?

रोते हुए बच्चे को माता थपकी देकर सुला देती है इसका मतलब यह है कि हाथों में बिजली होती है बस यही पास करने का लक्ष है। पास दो प्रकार का होता है —

१—बिजली भरने वाला पास।

२—बिजली निकालने वाला पास।

अपने दोनों हाथों की उंगलियों को कुछ झुकाकर सिर से पैर की तरफ हाथों को लेजाना-बिजली भरने वाला पास कहलाताहै। उस समय जिस इच्छा का निश्चय करो कि अमुक काम होगा और अवश्य होगा। माता जब रोते हुये बच्चे पर थपकी वाला पास देती है, तब वह मनमें यह निश्चय भी करती जाती है कि बच्चा रोना छोड़ दे और चुपचाप होकर सो जावे और वह सोजाता है पास करते समय हाथों से शरीर को छुआ जाय या न छुआ जाय, इसमें कोई विशेष बात नहीं। जब आदमी प्रेम से अपनी स्त्री का हाथ पकड़ता है या उसके गालों पर हाथ फेरता है तब वह स्त्री रोमाँचपूर्ण हो जाती हूँ वहाँ पर बिजली का संचालन प्रेम ने किया था इसीलिये प्रेममयी बिजली काम कर गई। माता ने अपने हाथों की बिजली का संचालन नींद के लिये किया था, इसी कारण बच्चा सो गया। मान लो कि किसी आदमी के सिर में भयानक पीड़ा होरही है। उसे बैठा लो। अपने दोनों हाथ उसके मस्तक पर धीरे-धीरे या जोर २ से पास करो और यह निश्चय करो कि हमारे हाथ की बिजली, पीड़ा का कचूर निकाल रही है ५

मिनट में सिर का दर्द जाता रहैगा।

अगर पैर की नाक से सिर की ओर हाथ चलाते हुए पास किया जायगा तो उसकी बिजली निकल जायगी। सोते हुए को जगानेके लिये यही पास काम में लाया जाता है।

चौदहवां पाठ

अनजान पर मैस्मरेजम

मान लो आपको किसी ऐसी स्त्री या पुरुष पर मैस्मरेजम करना है कि जो बहुत दूर है और जिसे आपने देखाभी नहीं। चित्र देखा हो तो ठीक नहीं तो कल्पना का सहारा बहुत है। मान लो आप अपनी कोई बात हिटलर या रामचन्द्र या अकबर साहबान से कहना चाहते हो तो रात में दस बजे किसी एकान्त स्थान में बैठो और चाहे जिस जीवित या मृतक का नाम लेकर यह सोचो कि वह तुम्हारे एक हाथ के फासले पर बैठा है। उसको जो कहना हो वह कहिये इस अभ्यास से वह व्यक्ति स्वप्न द्वारा आपके विचार को ग्रहण करेगा।

—

पन्द्रहवां पाठ

अपने ऊपर मैस्मेरेजम

एक कदे आदम आईना के सामने पद्मासन से बैठ जाओ। अपनी छाया को शीशा में देखो और यह निश्चय करो कि यह शीशे वाला व्यक्ति सोजावे। थोड़ी देर बाद नींद आवेगी और तुम सो जाओगे। इस साधन द्वारा समाधी लगाना आता है। सोते समय अगर यह इच्छा की जाय कि हम सो जावें और इन्द्रलोक या सूर्यलोक सपने में देखें तो वह भी सो जायगा। यदि राम, कृष्ण, विष्णु, ईसा, मुहम्मद, नानक, कबीर, राधास्वामी, मृत्यु, आदत, शैतान और शेष आदि के किसी लोक का हाल जानना हो तो उसी लोक की याद में सो जाओ। इसके बाद ईश्वर के दरबारकी याद करके सोना। बस यही समाधिहै।

सोलहवां पाठ

प्राण पर मैस्मरेजम

सुबह शाम एकान्त में पद्मासन लगाकर बैठो। पालती मारकर बैठने को पद्मासन कहते हैं। इसके बाद नेत्र बन्द कर जोर जोर से सांस खींचो और उसे

नाभि में ठहरा दो नाभि ही शरीर का केन्द्र स्थान यानी जंकशन है। नाभि में हवा को रोककर १-२-३-४ की गिनती पढ़ो। जब सांस न रुके, बाहर निकाल दो और गिनती बन्द कर दो। फिर वही चेष्टा करो। प्रति अभ्यास में ३ मरतबा यह क्रिया करनी चाहिये। जब १०० तक सांस ठहरने लगे, तब सिद्ध समझो। इस साधन से यह लाभ होता है कि चंचल मन एकाग्र हो जाता है। मैस्मरेजम में दो बातें प्रधान हैं–(१) एकाग्रता और (२) निश्चय, एकाग्रता प्राप्त करने के लिये, प्राण पर मैस्मरेजम करना चाहिये।

सत्रहवाँ पाठ

निश्चय पर मैस्मरेजम

चूंकि हम ईश्वरके पुत्र हैं इसलिये हमारी प्रत्येक शुभाशा माया देवी को पूरी करनी चाहिये। क्योंकि वह हमारी माता है। माता का धर्म है कि वह पुत्र की प्रत्येक शुभ इच्छा पूरी करे। बुरे कामों पर निश्चय मत करो, उनको माता पूरा करने के लिये बाध्य नहीं है, याद रक्खो कि निश्चय की तीव्रता, तकदीर से भी लड़ जाती है, और बिगड़ी तकदीर को भी सुधार

लेने की शक्ति होती है। भगत प्रहलादने इस निश्चय पर मेस्मरेजम किया था—

जाको राखै साइयाँ—मार सकै न कोय।

अठारहवाँ पाठ

इच्छा शक्ति कैसे बढ़ती है

रात में भोजन करने के एक घन्टा बाद, पाल्ती मारकर बैठ जाओ। नेत्र बन्द करो। नाभि में राम की मूर्ति की स्थापना कल्पना से करो या आपका जो भी इष्ट हो उसकी तस्वीर नाभि में स्थिर करो और कम से कम एक हजार बार उसका नाम जपो यह क्रिया रोजाना और हमेशा करो।

इससे दो लाभ होंगे—

१—मैस्मरेजम की प्रत्येक क्रिया शीघ्र पास करोगे।

२—मन में शैतान अपने बुरे विचारों को इकट्ठा न कर सकेगा।

अंग्रेजी और मुसलमान जिस शक्ति को शैतान कहते हैं उसे हिन्दू और योगी लोग महाकाल कहते हैं। आठ गुण होते हैं और आठ अवगुण होते हैं। गुण—१ सत्य, २—दया, ३—क्षमा, ४—ज्ञान, ५—प्रेम,

६--धीरज, ७--शान्ति, ८--ज्ञान ये आठ गुण हैं। अवगुण--१ काम, २ क्रोध, ३ लोभ, ४ मोह, ५ मद, ६ ईर्ष्या, ७ निद्रा, पाखन्ड ये आठ अवगुण हैं। इनसे बचाने वाला यही साधन है।

उन्नीसवाँ पाठ

सूरज पर मैस्मरेजम

प्रातः जब सूरज निकले, तब एक फूल की थाली लो और उसे जल से भर दो। उस थाली को ऐसी जगह पर रख दो कि जहाँ सूरज की छाया यानी प्रतिबिम्ब बीच थाली में पड़े।

जब थाली के पानी का हिलना बन्द हो जावे, तब पास बैठकर सूरज की छाया देखो। साथ ही मन में कहो--निश्चय के साथ कहो--

१--सूरज भगवान सब जगह के स्वामी हैं।

२--सूरज भगवान को सब मालूम रहता है।

३--सूरज भगवान मेरे सवाल का ठीक जवाब दे सकते हैं। उस स्थान पर आग के द्वारा धूप की खुशबू फैलानी चाहिये।

ब्रह्मचर्य रखकर और स्नान करके अभ्यास करना

चाहिये । जिस समय तुम अपलक एक घन्टा सूरज की छाया देखने लगोगे, यानी १ महीने अभ्यास करने के बाद तुमको ये लाभ देगा ।

१—जो सवाल करोगे उसका जवाब पाओगे ।

२—नेत्र शक्ति बहुत बढ़ जायगी ।

३—प्राण शक्ति बहुत बढ़ जायगी ।

ब्रह्मचर्य और पाँच तत्वों के स्वामी सूरज भगवान को पानी के सहारे से ही देखना चाहिये । अगर कोई साधक बाबा बटुकदास की तरह सूर्य पर मैस्मरेजम करेगा तो वह सूरदास बन जायगा । झांसी की धर्मशाला में हम ठहरे हुए थे । १९२० ई० की बात है । सुबह देखा कि साधु, सूरज भगवान को आकाश में एक टक देख रहा है । लगभग एक घन्टा तक उस ने सूर्य का गलत अभ्यास किया जब वह साधन से अलग हुआ तब हमने उस साधक को अपने पास बुलाया और कहा—'आपका साधन गलत है । सूरज का मैस्मरेजम जल के द्वारा होना चाहिए, ताकि सूरज की गरमी को जल खाता रहे ।

बटुकदास बोले—जैसा मेरे गुरु ने उपदेश दिया है, वैसा करता हूँ ।'

हमने कहा--आपके गुरु इस विषय के पूर्ण ज्ञाता नहीं हैं। दुबारा जब वह साधु प्रयाग में मिला तब तक वह सूरदास बन चुका था।

बीसवां पाठ

गो मूत्र पर मैस्मरेजम

प्रातः किसी नई और निरोग गाय का पेशाब एक मिट्टी के नये बर्तन में ले लो। फिर एक मिट्टी के कुकड़े में १।२ छटांक पेशाब डालकर निश्चय करो-

१--'गाय का दूध १०० गुण रखता है और गाय का पेशाब १००० गुण रखता है।'

२--'यह इतना पवित्र माना गया है कि चरणामृत में पड़ता है।'

३--'इसके पीने से शरीर के सब रोग भाग जाते हैं। ४० दिन तक पीने से हरेक रोग दूर होता है।

अगर रोजाना पीया जाय बुढ़ापा का रोग दूर हो जाता है। आयु बढ़ जाती है।

इसमें एक प्रकार का नशा यानी सरूर होता है, उसके कारण दिन भर तबियत आनन्द में रहती है।

१।२ छटांक से पीना शुरू करो। एक सप्ताह

बाद एक छटाँक पीने लगो। फिर मात्रा बढ़ाओ।

मूत्र लेते ही हाँडी को बन्द करदो। क्योंकि उस में स्प्रिट होती है, वही काम करती है।

गोमूत्र की भाप न उड़ने पावे यानी जल्दी व्यवहार की जाय। छानने की इच्छा हो तो छान भी सकते हो। नहीं तो कोई जरूरत नहीं।

इस समय में चित्रकूट में एक बाबा जी से मुलाकात हुई थी। सन् १९३१ ई० की बात है। उनका नाम था जमुनादासजी। एक काली गाय साथ रखते थे जिसका नाम कामधेनु था। प्रातः जब वह पेशाब करती, बाबाजी दोनों हाथों की हथेली मिलाकर पीने बैठ जाते जिस प्रकार पानी पिलाने वाला गङ्गासागर की टोंटी से जल गिराता है। और मुसाफिर दोनों हाथोंकी अंजली बाँधकर पानी पीता है। वह रोजाना एक सेर नम्बरी पीने लगे थे। धीरे-धीरे १ सेर तक १२ साल के अभ्यास में पहुंचे थे। उसके प्रभाव से वह भूख प्यास और नींद पर विजय पा चुके थे। कायाकल्प की चीज-मामूली चीज नहीं।

—

इक्कीसवाँ पाठ

आक दूध पर मैस्मरेजम

सुबह एक मिट्टी का बर्तन लो और उसमें एक छटाँक पानी डालो। मुँह धोकर यानी फरागत होकर यह काम करो। कलेवा करने के पहले इस अमूल्य साधन को करो।

उस पानी लेजाकर एक आक वृक्ष के पास रक्खो। खुद भी बैठ जाओ। अपनी नजर आग की जड़ पर जमाओ और निश्चय पूर्वक तीन सतबल कहो—

१—"हे आकके दूध। आपके अमृत समान हो। इसलियेशंकर भगवान के प्रधान पेय हो। आपना साधन करने वाला निरोगी रहता है, बुढ़ापे की बीमारी से दूर रहता है और दीर्घ जीवन प्राप्त करता हैं। आपका दूध शरीर से समस्त जहरीले कीड़ों को मारता है, आप विष रूपी अर्मत हैं।

इसके बाद उस आक से कहो —

"हे अर्मत वक्ष। आप कृपाकर अपनी दो बूदें अपने इस नालायक सेवक को प्रदान कर लायक बनावें।

तब एक पत्ता तोड़ो। ऊपरी भाग में कोई एक

पत्ता तोड़ो। उसमें जो दूध निकले उसमें से दो बूंद अपने पानी में डालो और पी जाओ। एक सप्ताह बाद ३ बूंद करना फिर ४ बूंद। इसी तरह से बढ़ा सकते हो और जिस मिकदार पर चाहो रुक भी सकते हो।

आक के दूध का एक साधक हमें नर्मदा जी के किनारे मिला था। वह १ पाव दूध रोज पीने लगे थे। १० साल से साधन करते थे। भूख-प्यास और नींद पर विजय प्राप्त कर चुके थे। नाम था बाबा अमरदास जी, कहते थे कि जब मैं १-२ सेर दूध पीने लगूंगा तब आकाश गामी हो जाऊंगा।

बुढ़ापा वाले महारोग को दूर भगाकर, नवयोवन स्थिर करने वाला यह महादुग्ध भाग्यवान ही सेवन करते हैं।

खून, मांस और हड्डी तक के खराब कीड़ों को मारता है।

आक के प्रति जो प्रार्थना की जाती है वह मैस्मेरेजम कराना कहलाता है। उस क्रिया के बिना जो दूध ग्रहण किया जायेगा वह गुणकारी नहीं होगा। निश्चयतात्म की प्रार्थना भी मैस्मेरेजम है।

बाईसवाँ पाठ

मृतक पर मैस्मेरेजम

साधू समाज में एक मत का नाम 'औघड़ मत' है। उसका पहला नियम है:- 'नर-मांस पर मैस्मेरेजम करो।'

जो लोग मांस भक्षण करना बुरा नहीं मानते, उनको यह साधन करना चाहिये। जो लोग गोश्त-खोरी से घृणा करते हैं उनको यह साधन कदापि न करना चाहिये। घृणा पूर्वक किया गया मैस्मेरेजम उल्टा फल दिखलाता है।

मांस-भक्षी लोग तीन प्रकार के होते हैं:-

१- केवल बकरे का गोश्त खाने वाले।

२- नरमांस छोड़कर और गोमांस छोड़कर सब गोश्त खाने वाले।

३- नरमांस तथा गोमांस तक मांसाहारी, औघड़ मत वाले केवल नरमांस खाते हैं।

नर मांस पर मैस्मेरेजम करने की क्रिया इस प्रकार है :-

जब कोई मरा हुआ मनुष्य या लड़का व लड़की

मर जावे और उसको जल-प्रवाह कर दिया जावे तब उस मुरदे को औघड़ मत वाले साधक पानी से बाहर निकालते हैं और आग पर धूप डालकर खुशबू पैदा करते हैं, इसके बाद मुरदे की छाती पर बैठकर उसके ललाट को एकटक देखते हुए यों कहते हैं :-

'हे देव ! आप मर कर अमर हुए हैं और मांस निकालकर कच्चा या भुना हुआ खा जाते हैं। नये साधक भूनकर व पुराने साधक कच्चा खाते हैं क्योंकि हर कच्ची चीज भुनी से अधिक गुणकारी होती है। नरमाँस किसी रोगी जीव का न होना चाहिये।

किसी किसी टापू में जब आदमी मरता है तो लोग-बाजे बजाते हैं और बड़े उल्लास के साथ उसका माँस पकाकर खाते हैं। इस कामसे रोग और बुढ़ापा दूर होता है तथा दीर्घजीवन प्राप्त होता है। सिवाय औघड़ मत वालों के और किसी को मृतक पर मैस्मेरेजम नहीं करना चाहिये।

तेईसवाँ पाठ

गोरखमुंडी पर मैस्मेरेजम

गोरखमुंडी कि जिसको गुडमुंडी भी कहते हैं,

गुरु गोरखनाथ जी की बतलाई हुई चीज है। इस दिव्य जड़ी पर मैस्मेरेजम करने वाला कभी बूढ़ा नहीं होता। यह आजमाई हुई बात है। यह जड़ी तीन प्रकार की होती है– (१) श्वेत फूल वाली (२) लाल फूल वाली (३) काले फूल वाली।

पूर्णमासी के दिन सूर्योदय के पहिले जहाँ पर यह जड़ी हो वहाँ पर जाकर उसे मैस्मेरेजम करनी चाहिये। सब जगह कँकरीली जगह पर ही गुलमुंडी होती है।

गुण–रोगों को दूर भगाती है, बुढ़ापे के आगमन को रोकती है। जिस उमर से सेवन की जाये वही उमर स्थिर रहती है। खून साफ करती है और नया खून पैदा करती है। बसी हुई पुरानी गरमी को दूर करती है। हैजा, ताउन, मलेरिया, ज्वर, युद्ध ज्वर और इकतरा तिजारी को दूर करती है।

पूर्णमासी को प्रातः सूर्य उदय होने के पूर्व बूटी के पास बैठकर, हाथों से पास करते जाओ। यानी जड़ की तरफ से हाथ चलाओ। यह निश्चय करो कि इस बूटी की नींद दूर हो और जागृत बनकर गुणकारी बने। पांच बार पास करो और यह कहो–

हे दिव्य बूटी ! गुरु गोरखनाथ की प्राणप्यारी जड़ी ! आप अपने सेवन करने वाले की आयु स्थिर करें और बुढ़ापे को रोकें । आप में यही गुण है और आप इस गुण को अवश्य प्रगट करें ।

किसी प्रकार की गुलमुंडी हो, सबका गुण एक ही है । गुलमुंडी पर मैस्मेरेजम करके उसे जड़ सहित खुरपी से खोद लाओ । उसे छाया में सुखाओ और पचाँग सहित कूट-छानकर रक्खो । प्रातः एक तोला सफूफ खाकर पानी या दूध पीना चाहिये । यह काम हमेशा यानी रोजाना करते रहो ।

जिनको गुलमुंडी न मिले वह हमसे मंगा सकते हैं ।

इस बूटी के सफूफ में काली मिर्च तथा शक्कर मिलाना चाहो तो मिला सकते हो ।

इसी प्रकार का मैस्मेरेजम ब्राह्मी बूटी और रुद्रवन्ती बूटी पर भी किया जाता है । ब्राह्मी हरिद्वार में और रुद्रवन्ती काशी के राजघाट पर मिलती है । ब्राह्मी से बुद्धी बढ़ती है और रुद्रवन्ती से कायाकल्प होताहै । ब्राह्मी, रुद्रवन्ती और गुलमुंडी को मैस्मेरेजम के बाद सेवन करो या कराओ ।

बाजीगर

(१) आग से न जलेगा

फिटकरी, अफीम, नमक सांभर, कतीरा, मुरगी के अण्डे का छिलका और पारा बराबर-बराबर लेकर सिरके के साथ खूब पीस डालो। फिर उसे हाथों व पैरों में खूब रगड़ो। इसके बाद चाहे आग के ढेर में लोटने लगो तो भी न जलोगे।

(२) आग में कपड़ा न जलेगा

एक नया कपड़ा लो, उसे सात मरतबा घी ग्वार के रस में भिगोना चाहिये। फिर छाया में सुखाओ। इसके बाद उस कपड़े को आग में डाल दो तो वह जलेगा नहीं।

(३) आग से हाथ न जलेगा

नौसादर और कपूर को पानी में पीसकर हाथों में मलना चाहिये, फिर हाथों को सुखाना चाहिये। फिर हाथ पर आग रक्खो, हाथ नहीं जलेगा।

(४) सारा शरीर न जलेगा

जलभांगरा और मुलहटी के पत्तों को सारे बदन भर में मालिश करो, छाया में शरीर को सुखा लो।

फिर बे-दहसत चाहे गरम लोहे को उठालो अथवा आग में चले जाओ, कभी नहीं जलोगे ।

(५) पानी में दीपक जलेगा

चीनियां कपूर की बत्ती बनाकर दीपक में जलाओ और दीपक में पानी भर दो । दीपक बराबर जलता रहेगा ।

(६) बरसात में दीपक जलेगा

समुद्र फेन और गन्धक पीसना रुई में लपेट दो और उसकी बत्ती बनाकर तिलों के तेल में बत्ती जलाओ तो आँधी-पानी में भी जलता रहेगा ।

(७) पानी के ऊपर चलना

पुष्य नक्षत्र रविवार के दिन आलू की लकड़ी काटकर लावे, फिर बढ़ई से उसकी दो खड़ाऊँ बनवा लो । जब चाहो इस खड़ाऊँ को पहिन कर जल पर चले जाओ, कभी न डूबोगे ।

लकड़ी लाने का कायदा यह है कि शनीचर के दिन चावलों में हल्दी मिलाकर शाम के समय आलू के पेड़ को निमन्त्रण दे आवे और रविवार को सूर्यो-दय के समय लकड़ी काट लावे । पेड़ पर चावल छिड़ककर यह कहना चाहिये कि हम आपको कल

घर ले जावेंगे ताकि खड़ाऊं बन सकें ।

(८) दिन में तारे दीखें

सफेद सुरमे को सात दिन तक अगस्त के फूल के रस में तर करो । फिर इस रस के अंजन को आँखों में लगाओ । दिन में तारे दिखाई देंगे ।

(९) घर में साँप दिखाई देवें

ताँबे के दीपक में साँप-केंचुल की बत्ती जलाने से सब घर में साँप दिखाई पड़ेंगे ।

(१०) बोतल चबाना

बोतल के टुकड़े को आग में डालकर लाल करो तब उसे अदरक के रस में बुझालो । फिर उसे चबा डालने से मुँह में जखम पैदा न होगा ।

(११) लिखे अक्षर उड़ाना

नौसादर, सुहागा और शंखिया बराबर पीसकर लिखे हुए अक्षरों पर लगाकर धूप में रख दो । अक्षर उड़ जावेंगे, कागज सफेद निकल आवेगा ।

(१२) अण्डा उड़ जावे

एक अण्डे में छेद करके उसका सारा रस निकाल डालो, फिर उसमें ओस भरदो । उसका मुँह मोम से बन्द करके धूप में रखने से अण्डा उड़ जायेगा ।

(१३) पानी को दूध समझा जायेगा

अण्डो की मिगी निकालकर पानी में महीन पीस डालो, किसी बर्तन में मसल कर उसे सुखा डालो। फिर जब उस बरतन में पानी भरा जावे तो वह दूध दिखाई पड़ेगा।

(१४) चलनी से पानी न छनेगा

घी ग्वार का रस चलनी पर मसल कर सुखा लो। इस प्रकार सात बार करो, फिर उस चलनी में पानी छानो तो वह न छनेगा।

(१५) नीबू से लोहू निकलना

कठहल का रस छुरी में चुपड़ लो। फिर उसे सुखा लो, उस छुरी से जब नीबू काटोगे तो उससे लाल रंग निकलेगा।

(१६) मक्खियाँ भगाने का उपाय

अकरकरा और गन्धक व नरगिस की जड़ पानी में पीसकर दिवालों पर छिड़क दो।

(१७) शीशी में आग

एक कांच की शीशी में शराब अच्छी भरो और थोड़ी सी गन्धक डाल कर अन्धेरे में रख दो तो वह बोतल आग से भरी दिखाई देगी।

(१८) बिना खूंटी की खड़ाऊँ

सफेद चिरमिटी को घिसकर खड़ाऊँ पर लगा दो। छाया में सुखा लो। पैरों को पानी में धोकर बिना खूंटी की खड़ाऊँ को पर चढ़ालो और चाहे जहाँ चले जाओ।

(२०) रंग बिरंगे अक्षर

सफेद कागज पर नीबू के रस से अक्षर लिखो और आग में सुखा लो। तो आप दिखा देंगे। या फिटकरी के रस से श्वेत कागज पर अक्षर लिखो और आग पर सुखा लो तो ये अक्षर पढ़े जा सकते हैं। या आम के दूध से कागज पर अक्षर लिखे जावें और आग पर सुखा लो तो वे पढ़े जा सकेंगे।

(२०) नींद न आवेगी

हरियल चिड़िया की बीट और काली मिर्च को घोड़े के मुँह के झाग को मिलाकर अंजन किया जाय तो नींद न आवेगी।

(२१) भूख-प्यास बन्द होगी

साँगे के चावलों को गौ के दूध में खीर बनाकर रविवार के दिन जो आदमी खायेगा पन्द्रह (पौम) दिन तक बिना खाये-पिये रह सकता है।

(२२) घर में सांप न रहें

सिंह की चरबी और प्याज रख देने से घर के सांप भाग जावेंगे ।

(२३) चूहे भाग जावेंगे

ऊँट के दाहिने पैर का नाखून लेकर जिस घर में उसे जलाया जायेगा तो उस घर के सब चूहे भाग जावेंगे । या समुद्रके खार को आटे में मिलाकर गोली बनाओ, वे गोलियां घर में डालदो, चूहे भाग जावेंगे । या एक चूहे को पकड़कर नील के रंग में रंग दो और छोड़ दो. उसे देख सब चूहे भाग जावेंगे ।

(२४) दीपक पर पतंगे न आवेंगे

एक टुकड़ा प्याज का लेकर दीपक में डाल दो, पतंगे नहीं आवेंगे ।

(२५) खटमल भगाने का उपाय

जिस चारपाई या पलंग में खटमल हों तो उसमें छांछिया गन्धक की धूनी दे दो । सब खटमल मर जावेंगे ।

(२६) पक्षी पकड़ने का उपाय

जल में हींग पीसकर गेहूं रातभर भीगने दो । सुबह उनको छाया में सुखा लो । पक्षी उस गेहूं को

रविवार के दिन दोपहर के समय नंगा होकर चील व काग का घोंसला ले आओ। गूगल की धूनी देकर उसकी भस्मी करलो। जिस बन्द ताले पर उस भस्म को डालोगे वह अपने आप खुल जायेगा।

(३४) पानी से आग निकलेगी

चौबियाँ गन्धक और नौसादर दोनों की पोटली बनावे और जल की बूंद डालकर मसले तो आग पैदा हो जायेगी।

(३५) पवन से आग पैदा हो

ऊँट की सूखी मेंगनी जलाकर शहद में बुझाले, डिबिया में बन्द कर छोड़े। जब आग की जरूरत हो उसे हवा में खोलकर रखदो।

(३६) जुआ जीतना

हस्त नक्षत्र पर इतवार का दिन हो तो शनीचर को सांझ के समय लपा के पेड़ को निमन्त्रण दे आओ कि कल मैं आपको अपने घर ले चलूंगा और जुआ जीतने का यन्त्र बनाऊँगा। जुआ में जो भी जीतूंगा आधा दान कर दिया करूँगा। इतवार प्रातः सूर्योदय से पहिले जाकर उसे ले आओ। उसकी जड़ ले गूगल की धूनी देकर तावीज की तरह दाहिने हाथ में बांध

लो। जुये में शर्तिया जीतोगे।

(३७) विद्या पढ़ाना

माघ के महीने में कृष्ण पक्ष की अष्टमी को जब पूर्वाषाढ़ नक्षत्र हो आधी रात के समय गुरु से मन्त्र ले-'ॐ ह्रीं'। फिर गुरु से ही वह मन्त्र अपनी जीभ पर चन्दन लाल अनार की कलम द्वारा लिखावे। फिर उसका जप एक माला रोज करे। सरस्वती देवी की कृपा होगी। हृदय का अन्धकार दूर होगा, जो चाहोगे सो पढ़-लिख जाओगे।

(३८) चीनी के बर्तन जोड़ना

कलई का चूना और अण्डे की सफेदी, दोनों को मिलाकर पीसकर टूटे बर्तन चीनी मिट्टी वाले को जोड़ दो तो वह जुड़ जायेगा।

(३९) सोने को चमकाना

कलमी शोरा भून डालो, बराबर का चूना कलई वाला मिला दो। दोनों को मीठे पानीमें पीसकर सोने के ऊपर लेप करदो और धूप में सुखा लो तो सोना, सोने का जेवर चमकने लगेगा।

(४०) हथियार चमकाना

पुराने सिरके में कटोरो पीसो। हथियारों पर

चुपड़ दो और धूप में सुखा लो। सूख जाने पर रगड़ कर धो डालो। हथियारों पर जिलो हो जायेगी।

(४१) बिगड़े घी का सुधार

घी को कढ़ाई में रखकर चूल्हे पर चढ़ा दो, जब खूब गरम हो जावे तब काटकर प्याज डाल दो। जब वह जल जाये तब उतार कर छान लो। एक सेर में एक गाँठ काफी है।

(४२) अनाज में कीड़ा न लगे

चाहे मिट्टी का बर्तन हो या बोरे हो, हींग के पानी से करके अनाज भर देना चाहिये। कभी कीड़ा न लगेगा।

(४३) रेशमी कपड़े की चिकनाहट

रेशमी कपड़े पर चिकनाहट लगी हो तो उस पर सेलम खड़िया पीस कर डालो। तांबे या पीतल का बर्तन में भरकर उस पर फेरे तो चिकनाई जाती रहेगी।

(४४) बच्चों का नारा

अगर बच्चे का नारा कोई अपने पास रक्खेगा तो वह दो काम करता है। रोगी के तकिया के नीचे रक्खे वह काम करता है। रोगी के तकिया के नीचे

रक्खे तो वह जल्दी अच्छा हो जायगा। यदि किसी स्त्री को खिलावे तो पुत्र पैदा हो फिर चाहे वह बाँझ ही क्यों न हो।

हाजरात करना

अपामार्ग यानी लटजीरा यानी ओंगा सूखी लकड़ी लाओ उसमें रुई लपेटो उसकी बत्ती बनालो घी के दीपक में रखकर उसे जलाओ। किसी दस साल के बच्चे को स्नान करा कर कहो कि इस ज्योति की ओर देखो। उसे यक्षों का राजा दिखाई पड़ेगा। उससे जो बात पूछी जायगी उसका उत्तर वह देगा। राजा की आवाज केवल वह लड़का ही सुन सकेगा। हरेक सवाल का ठीक जवाब प्राप्त हो सकता है।

(५६) बिच्छू का इलाज।

शनिवार की शाम को अपामार्ग के पास जाओ। एवं डोरे को हल्दी में रंग कर साथ ले जाना चाहिये। पहिले वृक्ष की पूजा करो। फिर डोरे से उसे लपेट दो और यह कहो कि—हे वृक्षों के राजा। आपको हम परोपकार के लिये कल ले जायेंगे। यानी जिसको बीछी मारेगा उसका जहर आप उतार दिया करना। दूसरे दिन इतवार को सूर्योदय के पहिले जाकर उसको

समूल उखाड़ लाओ। छाया में सुखाकर रख छोड़ो। जब किसी को बीछो मारे तो वही पत्ती जरा सी पीसकर रख दो सारा विष बाहर निकल जायेगा। बीछी पर यह सर्वश्रेष्ठ प्रयोग है।

(५७) उल्लू कल्प।

उल्लू का पित्त निकालो। उससे इस प्रकार से काजल बनाओ। जब रविवार को अमावस्या हो तब करे। उस दिन दो खोपड़ी आदमी की लाओ। श्मशान में जाकर नंगे होकर एक दीपक में उस विष यानी पित्त का दीपक जलावें और दूसरी खोपड़ी में काजल पारे। १०८ बार मं विधान से जपे उस काजल को तांबे के यंत्र में रख दो और उसका मुँख मोम से बन्द करदो उस ताबीज को मुँखमें रख लेगा उसको कोई नहीं देख सकेगा। उस काजल को अँजन करने से पृथ्वी का गढ़ा धन दिखलाई पड़ता है समस्त जोगनी उसे दिखाई देंगी। गोमूत्र से आँखें धोने पर असर चला जायगा।

तन्त्र

ॐनमोमहेश्वरीमरिमरिधन्वेविधनेपडेश्वरी कुरुकुरुस्वाह

(५८) उल्लु सिद्धि ।

रविवार के दिन जब अमावस्या हो एक उल्लू की चरबी निकालो। ऊपर लिखी हुई विधी से उसका काजल बनाओ। जो आदमी उस काजल को अपनी आँखों में लगावेगा तो वह सबको देखेगा मगर उसको कोई भी न देखेगा ।

(५९) उल्लू का गुण ।

रविवार के दिन जब अमावस्या हो तब उल्लू के दाहिने पैर की पिडली काटो। उसे तेल सरसों में डाल फिर पारा औ तांबा एक-एक छटांक उस तेल में डाल कर पीसो। उस अंजन को जो आँखों मे लगावेगा वह सबको देख सकेगा और उसे कोई न देख सकेगा गौमूत्र में नेत्र धोने से असर चला जायगा ।

उल्लू का एक हुनर

रविवार के दिन जब अमावस्या हो तब एक उल्लू तथा एक बिल्ली के नेत्र निकाले जावें उनको तेल में मिलाकर खूब महीन पीस लो मनुष्य अपनी देह में मसले तो वह किसी को दिखाई न पड़ेगा चाहे जहाँ चला जावे। गौमूत्र से शरीर धो डालने पर असर चला जायेगा ।

उल्लू का आखिरी गुण

जब रविवार को अमावस्या हो तब उल्लू के नेत्रों को सरसों के तेल में पीस लो। राम बन की रुई लो और श्मशान में जाकर दो खोपड़ी की मदद से काजल पारो उसको जो आंखों से लगायेगा वह सबको देखेगा। मगर उसको कोई नहीं देखेगा। गलोप करने के काम में उल्लू अव्वल नम्बर की उल्लू का दूसरा काम वशीकरन में चलता है।

वशीकरन का विधान।

रविवार अमावस्या के दिन उल्लू का पांस लो और केसर व लाल चन्दन एक-एक मिलाकर पीस लो और मूंग बराबर गोली नीचे के मन्त्र से बनाकर छाया में सुखाले। धूप गूगल की देकर रख छोडो। एक गोली मन्त्र पढ़कर जिस स्त्री या पुरुष को पान में रखकर खिला दोगे तो वह वश में हो जायगा।

मन्त्र

'ॐ नमो महापंखेश अमुकस्य मम वश्यं कुरुकुरु स्वाहा'

दूसरा विधान

अमावस्या को रविवार के दिन उल्लू की बीट लाओ गूगल की धूनी दो। मन्त्र के साथ मिठाई में

मिलाओ और जिसको खिला दोगे वह वश में हो जायगा मन्त्र ऊपर वाला ही है। अमुकस्य है वहाँ पर उसका नाम लेना चाहिये कि जिसको वश में करना हो।

तीसरा विधान

अमावस्या वाले रविवार के दिन उल्लू का तालू लाओ पान में रखकर जिस औरत को खिलाओगे वह जन्म भर को गुलाम हो जायगी।

चौथा विधान

अमावस्या वाले रविवार को उल्लू के नेत्र, कुमकुम गोरोचन, नागकेसर इन चारों चीजों को खूब बारीक पीसना ले गोली बनाकर रख छोड़ो। राजा या शत्रु से मिलने जाय तो मन्त्र पढ़कर गोली को घिसे और अनामिका उंगली में लगावे। मन्त्र १०८ बार जपना चाहिये मन्त्र वही ऊपर वाला है। इससे राजा और शत्रु दोनों वश में हो जाते हैं।

पांचवां विधान

अमावस्या वाले रविवार को उल्लू की चोंच ले आओ नागकेशर, गोरोचन, सफेद आक की जड़, इन चार चीजों को लेकर पीसो जल के साथ। ऊपर वाले

मन्त्रके साथ तिलक लगाओ। फिर जिसको भर आँख देखोगे वही वश में हो जायगा।

छठवाँ विधान

रविवार अमावस्या के दिन उल्लू के कलेजे के साथ मैनसिल, असगंध, चमगादड़ की बीट, भैंसे का सींग, कूट गौरोचन, और केसर बराबर-बराबर लेकर गौमूत्र में खूब पीस उसी मन्त्र से तिलक करे और जिस सभा में जावे तो सारी सभा उसी के मन मुताबिक काम करेगी।

सातवाँ विधान

रविवार अमावस्या के दिन उल्लू की जीभ और ढाई पत्ती नीम की लेकर खूब महीन पीस लो। उसका अंजन आँखों में करो फिर जिसकी आँखों से आँख मिलाओगे वह वश में हो जायगा।

वशीकरण की बुरकी।

रविवार अमावस्या के दिन घुग्घू और बिल्ली यानी मजरी के नेत्र लाओ इसमें पारा, केशर, बच मिलाओ और नागरस, सरसों, बाग, केशर, इन सबको बराबर तोलकर मिलादो। ले जाकर मरघट पर गाड़ दो। सात दिन बाद उखाड़ लाओ जिसके

ऊपर इस बुरकी को डालोगे वह वश में हो जायगा।

उच्चाटन का विधान।

रविवार या मंगलवार के दिन उल्लू का और काग का पर लाओ। दोनों को डोरे से सीकर जलादो वह भस्म जिसके सिर पर डाल जायगी वह वहां से चला जायगा।

मार्ग चले और थके नहीं।

रविवार को उल्लू की चोंच और पैर लाकर दोनों को जलाकर भस्म बनाओ। बेल का चूरन उसमें मिलाओ उसे पैरो के तलबों में लेप करो। १०८ बार मन्त्र जपो। मन्त्र यह है—'ओम नमो महापंखी अमृत कुरुकुरु स्वहा।"

स्तम्भन विधान।

उल्लु की जीभ और एक रत्ती गोरोचन दोनों की गोली बनाओ। ताँबे के ताबीज में रखकर उसका मुँह बन्द कर दो। गूगल की धुप दो। फिर मुँह में रक्खो। तो स्तम्भव होगा।

संग्राम में विजय

उल्लू के चारों पैरों को नला लाओ उसमें पारा भरो गंधक व शीला थोथा में उसको धर दो। इस

मंत्र से १०८ बार जपो और गूगल को धूपदो । उसे अपनी जेब में रक्खो तो युद्ध में विजय प्राप्त हो ।

मन्त्र

अहो कुंभकरन महा राक्षस महावीर महावीर महा सूरमा अकुम विजय कुरुकुरु स्वाहा ।

शत्रु के घर में कलह हो ।

उल्लू के पंख लाकर रविवार को शत्रु के घर की सीमा में गाड़ दो । १०८ बार यही मन्त्र वहां पर फूंक दो ।

मन्त्र

ओम नमो पंखेश अमुक ग्रहे कलह कुरुकुरु स्वाहा "

'अमुक' शब्द की जगह उसका नाम लेना चाहिये ।

उच्चाटन का काम ।

रविवार या मंगलवार के दिन उल्लू का सिर लाओ खूब महीन पीसो ; चुटकी भरकर जिसके सिर पर डालोगे वह गांव छोड़ भाग जायेगा ।

दूसरा विधान ।

उल्लू की बाढ़ और नीबू की लकड़ी-बिल्ली का नाखुन-चावल-श्मशान का वस्त्र- इन सबको धतूरे के रस में डालो । इन सबको पीस शत्रु के स्थान में

डाल दो । उसका उच्चाटन हो जायगा ।

स्त्री पुरूष में कलह हो ।

उल्लू का मस्तक और काग का नख मंगाकर दोनों को खुब पीसो । गूगल की धूनी देकर इस मन्त्र को जप कर सिद्ध करो । १०८ बार मन्त्र जप कर उस चूरन की २१ गोली बनाओ । हवन भी करे । स्त्री पुरूष में कलह हो । मन्त्र यह है । 'ओम'पंखेश नमो अमुके अमुकी मध्ये कलह कुरूकुरू स्वाहा ।

दो मित्रो शत्रुता हो

उल्लू के नेत्रोंको गूगल की धूनी देकर इस मन्त्र से जमावे और उसे दो मित्रों के मध्य में डाल दे तो अवश्य लड़ाई हो जावे ।

मन्त्र—"ओम नमो वीर हूँ नमः" ।

भूत प्रेत उतारना ।

घुग्घू का चाम और मांस दोनों अलग पीस कर शनिवार और रविवार को मिलाले और जिस स्थान पर भूत प्रेत हों उस स्थान पर धूनी दे तो अवश्य भूतप्रेत निकल जावे ।

सर्व कामना पूरी हों ।

घुग्घू की पीठ का हाड़ला कर उसे घिसकर उसका तिलक लगावेतो सब तरहकी कामना पूर्णहो ।

मन्त्र

ओम नमो महा पंखेश खर्रा आगच्छ आगच्छ अतुल्य बलं पराक्रमाय सर्व कामनी मम वस्यं कुरुकुरु मन्त्रेश्वरी ओंठाठः फट् स्वाहा ।

शत्रु वशीकरण

घुग्घू की चोंच और पग दोनों को मिलाकर पीस ले और उसकी बुरकी के ऊपर एक सौ आठ मन्त्र जपे और मस्तक के ऊपर डाले तो शत्रु वश में हो ।

काले बाल सफेद हों

सेंघड़ का दूध लाकर इसमें तिलोंका तेल मिला मे और तीनों को पीसकर काले बालों पर लेप करे तो काले बाल सफेद हो जावें ।

बाल निकालें

जौ को लाकर सुखायें और इसकी भस्म कर कडुआ तेल मिलाकर पीस ले और जहाँ बाल न हों वहाँ लगावें तुरन्त बाल निकल आवेंगे ।

केश बढ़ाने की विधि

घोड़े की लीद को कोयला करके तिलों के तेलमें महीन पीसकर बालों में लगावे तो बहुत बढ़ जावेंगे।

तथा

हाथी दाँत को कुल्हड़ में रखकर मुँह बन्द कर दे और कुल्हड़ को आग में रखकर बन्द करे फिर सुराख से धुँआ निकाल दे फिर उस भस्म को जलमें लेकर बालों पर लेप कर सो रहे और सुबह धो डालो बाल बढ़ जावेंगे।

उड़े हुये बाल जमे

हाथी दाँत की भस्म भेड़ के दूध में मिलाकर पीसे और रत्ती भर रसौत मिलाकर उड़े हुये बालों की जगह लगावे तो फिर बाल उपज आवें।

तथा

मक्खी की भिष्टा और काली मिर्च दोनों को पीस ले और बालों पर लगावे तो उड़े हुये बाल फिर उपज आवें।

बाल उड़ाने की विधि

वेदन्ती हरताल पांच माशे जवाखार पांच माशे पोस्त राख दश माशे तथा सब को केले के रस में

पीस ले और बालों पर करे जब सूख जाय तो हाथ से पोंछकर पानीसे दवा धो डालो बाल उड़ जावेंगे।

बाल न उपजें

मरी हुई जोंक कई एक सुखा कर घोड़े की लीद में गाढ़ दे और चालीस दिन बाद निकाल कर उसे पीस ले फिर उसे लगावे तो बाल वहीं उपजेंगे।

बाल न उपजें

हरताल १ तोला चूना ७ तोला गन्धक २ तोला इन सबको कांजी के जल में अच्छी तरह पीस कर छाया में सुखावे फिर जब बाल उड़ाना हो तो पानी में मिला बालों पर लेप करे तो बाल उड़ जावेंगे।

मस्सा दूर हो

कलमी शोरा मूलीके रस में पीसकर मस्सा काट कर उस जगह लगावे तो मस्सा दूर हो जायगा।

मस्सा दूर हो

सज्जी और चूनेको बराबर २ पीसकर मस्से पर लगावे तो मस्सा दूर हो जायगा।

सुजाक जाय

सेलख खड़िया और भंग ६—६ माशे लेकर दोनों को आधा पाव दही में मिलाकर पी जावे तो सुजाक

को आराम हो जाये ।

सुजाक को आराम

कलमी शोरा छोटी इलायची और श्वेत चीनी इन तीनों को पीसले और सबको बराबर मिश्री मिला कर सब की पुड़िया बनाले और गौ का दूध लाकर एक सेर की लस्सी बनाकर पुड़िया की फंकी मारे और लस्सी पिये तीन दिन तक यही क्रिया करने से आराम होगा ।

सुजाक का तीसरा उपाय

तीन मांस भांगरा और ५ काली मिर्च लेकर और पाव भर जल के साथ पीवे तीन दिन यही क्रिया करने से आराम होगा और पेशाब करते जलन न गरम बादी खटाई का परहेज रक्खे ।

सुजाक की चौथी विधि

गन्दे बिरोजे का सत तीन माशे बंशलोचन दो माशे इन दोनों को पीसकर गौ का दूध १ पाव के साथ फंकी मारकर पिये और सात दिन इसी क्रिया को इसी मात्रा में करे तो सुजाक आराम हो । मगर बादी खटाई से परहेज रक्खे ।

वशीकरण

जो मनुष्य किसी को अपने वश में करना चाहे तो शनिवार के दिन काले काग की जीभ और शमशान की भस्म लाये और अपने बीसों नाखून कटवा कर उसकी भस्म बनाये और जिस स्त्री या जिसे वश में करना हो उसके बाँए पग की रज और चौराहे की रेत मिलाकर पीस ले और सब मिलाकर उसको बुरकी उसके सिर पर डाल के और २१ बार नीचे का मन्त्र पढ़े ।

मन्त्र

ओम धूली धूलेश्वरी धूलीमाता परमेश्वरी जहाँ लगाऊँ तहाँ लगे न लगे तो मुझे राजा रामचन्द्रकी आन है ।

वशीकरण दूसरी विधि

चील कें नेत्र को केसर और कस्तूरी में पीस कर गोली बनाये और जिसे बस में करना हो उसे पान में रखकर खिलाय तो अवश्य बस में हो ।

वशीकरण की तीसरी विधि

अपने बीसों नाखूनों को सात शनीचर और सात इतवारों तक बढ़ाके कुटक बढ़ या चिड़िया के नाखून को कटावे और अपने नाखूनों को काट सबकी भस्म

कर माखन मिला जिसे खिलावे वश में हो जायगा।

खटमल के गुण

खटमल है दो गुण हैं १ तो उसके दो टुकड़े नीचे और ऊपर के करदे नीचे का टुकडा जो स्त्री खावे उसका रितुकाल का रुधिर अगर रुका है तो खुला जाल और ऊपर का टुकडा जो स्त्री खावे तो उसकी बहती हुई महावारी रुक जावे।

पेट का मरा बालक बाहर निकेले

खटमल को गौ के छटांक भर गोबर में पीस ले और ड़ेढ़ पाव जल में घोलकर स्त्री को पिलादे तो मरा हुआ बालक बाहर निकले।

गर्भ की पहचान

७ या आठ माह की गर्भणी के स्तनों की घुण्डी दबाने से अगर दूध निकले और भीतर ही फिरा करे तो पुत्र जानो अगर दूध निकले तो कन्या जानो।

गर्भ रहने की विधि

रजस्वला होने के बाद चौथे दिन से आठवे दिन तक ३ माशे नाग केशर रोज खावे तो अवश्य गर्भ धारण हो।

गर्भ धारण की दूसरी विधि

रजस्वला होने के बाद पारस पीपल के बीज २ तोले किसी रंगीन गाय के आधा सेर दूध में खीर बनावे और नीचे के मंत्र से १०८ बार मन्त्र जपे और उस स्त्री को वह खीर खिलावे तो अवश्य गर्भ स्थिर हो। मंत्र-ओम नमो भास्कर विस्नुरुपाय अमुके पुत्र उत्पति कुरुकुरु स्वाहा।

बैरी का मूत्र बन्द करने की विधि

रविवार को छछूंदर को मार के उसकी खाल काट ले और जिस जगह बैरी ने मूता होय उस जगह की मिट्टी लाकर उस खाल में भर के सियें उसे किसी ऊंची जगह पर टांग दे तो अवश्य मूत्र बन्द हो जायगा और जब ठीक करना हो मिट्टी खाल में से निकाल दे तो पेशाब खुल जायगा।

बैरी बावा हो जाय

रविवार या शनिवार को बैरी की जूती जो कि उल्टी पड़ी हो उठा लावे और पानी में गरम करे तो बैरी अवश्य बावा हो जायगा।

बैरी दुख पावे

चन्द्रवार अथवा मंगलवार को भस्म लगाकर

उसी दिन राई और आक का कोयला करके सबको मिला कर अग्नि में बीस आहुति दे और आहुति देते समय बैरी का नाम इस तरह से लेता जाय कि अमुकस्य हन हन स्वाहा ।

बैरी के ताप का उतार चढ़ाव

रविवार को जब पुष्य नक्षत्र हो तो जंगल में जाकर इन्द्रायान की जड़ लाए और पीपल सोंठ मिर्च इन सबको मिलाकर बकरी के दूध में पीसकर गोली बांधे और धूप देकर बैरी के सिर पर डाले तो उसको बुखार चढ़े और वह बेहोश हो जायगा परन्तु कांजी के पानी में स्नान करने से आराम हो जायगा ।

बैरी बावला हो

काग के दाहिने बाजू का पंख और स्यार की पूंछ रविवार के दिन लाओ और गूगल की धूप देवे और बाजू को उसके पलंगमें घुरस दे तो बैरी जब सोयेगा बावला हो जायगा ।

भूताविक जाने की विधि

रविवार के दिन काले धतूरे की जड़ ला के मरीज की बाँह पर बांधे तो भूत तुरन्त उतर जायगा और फिर कभी न सतायगा ।

ब्रह्म राक्षसादिक जाय

गोरख मुंडी, गोखरू और बिनोला तीनों को बराबर लेकर घी मून में डाले और मरीज को इसका धांस दे अवश्य ब्रह्मराक्षसादिक भाग जाय ।

देवी देवता दीखें

अकोला के फूल के तेल में अगर के फल का चूरन मिला कर आँखों में आँजे तो देवता दिखाई दें और जो तगर कर तेल आंखों में आँजे तो मनुष्य ही दिखें देवता नहीं ।

चरित्र दीखें

रविवार को चिरचिटे की जड़ लाए और उसको रुई में रखकर बत्ती बनाए और दीपक में काली गऊ का घी भरके उसमें वह बत्ती जलाए और चोक में रख गूगल की धूप देवे तो अनेक चरित्र नजर आवें ।

रसाइन बनाने की विधि

तबकिया हरताल और हलिया जहर और पारा तीनों चीजें एक-एक पैसा भर लेकर एक पहर ग्वार के रस में खरल करे । और फिर गोल टिकिया बनाके उस को सपुट में धर दे फिर सीप के चूने में बंद कर दे और कपड़ा मिट्टी कर २।। सेर कंडोमें फूंक दे फिर

जब आग ठंडी हो जाय तो उसे निकाल तांबे को अग्नि में गलाकर उसमें उपरोक्त भस्म छोड़े तो बहुत बढ़िया सोना तैयार हो जावे ।

रसायन का दूसरा प्रयोग

हरताल शंखिया-पारा और शिगरफ इन सबको बराबर लाकर चालीस पहर नीबू के रस में पीसे जब सूख जाय तो इस जंच में रखकर आतसी शीशी में डालकर उसका मुँह गुण सीप के चूने से बन्द करके और उसके ऊपर खूब कपड़ा में मिट्टी करके ईश्वर का ध्यान करे और पांच-सेर उपलों में धरकर फूंक दे जब अग्नि ठन्डी हो जाय तो उस भस्म को रख छोड़े फिर एक तोला तांबा गलाकर एक रत्ती भस्म छोड़े तो ईश्वर चाहेगा तो आला नम्बर स्वर्ण हो जायगा ।

सोना विधि

एक बिजौरा लेकर १ छटांक आंवला सार गंधक लाकर उसके रसमें अट्ठाईस पहर खरल कर उसकी गोली बना आतशी शीशी में भर पाताल जन्त्र करके उसका तेल खींच ले तो उस तेल को तांबे पर लगा कर अग्नि में तपावे तो सोना बने ।

गुटिका चलते चलते न थके

काले तीतर की गर्दन सुखा रक्खे और चौथे दिन उसकी चोंच खोल उसमें पारा डाल दे और गाय के दूधके भीगे चावल उसे खिलाये जाए फिर जब तीतर बीट करे तो बीट पिंजरे से निकालो उसमें पारे की गोली मिलेगी यही गोली मुंह में रखकर कितना भी चलो थकोगे नहीं।

वस्तु बिके और शत्रु खरीदे

जिस वृक्ष पर पागल हो उसे शनिवार को निमन्त्रण दे आए और इतवार को प्रातः उसकी डाली लाकर गूगल की धूनी देवे और फिर पैर के नीचे दबाकर बैठ जाय और १०१ बार मन्त्र जपकर डाली सिद्ध करले तो उस डाली के पत्तों को सिर रखकर व्यौपार करे तो बैरी इच्छानुसार कीमत देकर माल खरीदे। मन्त्र—ओम नमो चंड अलसुर स्वाहा।

गढ़ा धन दीखे

लाल पूंछ की बामनी के खून और सेबसिब को पीसकर अंजन लगावे तो गढ़ा धन दिखाई दे।

रिद्धि सिद्धि

भादों कृष्णपक्ष में जब भरनी नक्षत्र हो तो मिट्टी

के घर में चौकाकि करके चार कलश भर कर रक्खे और गूगल की धूनी देकर विधि पूर्वक उसकी पूजा करे फिर दूसरे दिन देखे जो कलश खाली हो गये हो उनमें फिर अन्न भर दे और एकान्त में रख नित्य उसकी पूजा विधि से किया करे और भरे हुए कलसे को घर में छिड़क दे तो अन्नपूर्णा देवी उससे प्रसन्न हो उसको कभी भूखा नहीं रहने देती है उसे ऋद्धि सिद्धि प्राप्त होती है।

मन्त्र सिद्ध करने की विधि

इन मन्त्रों को जब कोई मनुष्य सिद्ध करना चाहे तो उसको चाहिए ब्रह्मचर्य होकर शुद्धता के साथ एकान्त स्थान में जहाँ कोई न आ सके अपने चारों तरफ धूप दीपक फूल अतर मिठाई रख ले और इस मन्त्र को अपने ऊपर पढ़ फूंक लेना चाहिए और आसन के चारों ओर तीन कुण्डली खींच ले क्रिया शुरू होने पर फिर न किसी से बोले और न लकीर से बाहर निकले मन्त्र का जप जब बन्द हो जाय तो जो वीर बोले उसका जवाब दे।

मन्त्र

हाथ बसे हनुमन्त भैरों बसे लिलार जो हनुमन्त

